# नगर निगम, मुरादाबाद।

ई–पत्रिका

अप्रैल– मई 2017



www. moradabadnagarnigam.in

स्वच्छ मुरादाबाद।　　　　सुन्दर मुरादाबाद।

# नागरिका

## *मासिक ई–पत्रिका*


**प्रधान सम्पादक**
श्री अवनीश कुमार शर्मा
(नगर आयुक्त)

**सहायक सम्पादक**
त्रिलोक नाथ मिश्रा
(प्रभारी स्मार्ट सिटी/लेखाकार/
उपप्रभारी कम्प्यूटराईजेशन)

**संयोजक मण्डल**
डा0 अनिल कुमार गुप्ता
(वरिष्ठ नगर स्वास्थ्य अधिकारी)

लक्ष्मी नारायण सिंह सागर
(मुख्य अभियन्ता/अपर नगर आयुक्त)

अवधेश कुमार
(मुख्य कर निर्धारण अधिकारी)

डा0 गीता कुमारी
(लेखाधिकारी)

रमेश कुमार पाल
(पर्यावरण अभियन्ता)

संकलन
शुभम कौशिक
(आई0टी0अधिकारी)

पृष्ठ सज्जा/छायांकन
जौनी त्यागी
कम्प्यूटर आपरेटर।



ई–पत्रिका के सम्बन्ध मे किसी भी प्रकार का सुझाव moradabadnagarnigam@gmail.com या moradabadsmartcity@gmail.com पर ई–मेल किया जा सकता है।

# नये नगर आयुक्त द्वारा पदभार ग्रहण





उ0प्र0 शासन द्वारा श्री अवनीश कुमार शर्मा, पी0सी0एस0 को नगर निगम, मुरादाबाद का नया नगर आयुक्त नियुक्त किया गया है। श्री शर्मा द्वारा दिनांक 29.05.2017 को कार्यभार ग्रहण कर लिया गया है।

श्री शर्मा राज्य प्रशासनिक सेवा के 1996 बैच के अधिकारी हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय से इतिहास विषय में परास्नातक श्री शर्मा को विशद प्रशासनिक अनुभव है। श्री शर्मा हरदोई, पीलीभीत मथुरा तथा अल्मोड़ा जनपदों में डिप्टी कलेक्टर के पद पर कार्यरत रहे। इन्होनें जनपद आगरा में सिटी मजिस्ट्रेट तथा पूर्व में मुरादाबाद में ही ए0डी0एम0सिटी के पद पर अपनी सेवाऐं दी हैं। इसके अतिरिक्त श्री शर्मा इलेक्शन कमीशन में डिप्टी सी0ई0ओ0, जनपद शामली में ए0डी0एम0(एफ), जनपद मुजफ्फरनगर में सी0डी0ओ0 तथा मेरठ विकास प्राधिकरण में सचिव के पदों को सुशोभित कर चुके हैं।

नव पदस्थ नगर आयुक्त पूर्व में भी मुरादाबाद में ए0डी0एम0सिटी रह चुके हैं। अतः उन्हें जनपद एवं नगर की प्रशासनिक चुनौतियों का व्यापक अनुभव है। अतः नगरीय प्रशासन आपके प्रशासनिक अनुभव से निःसन्देह लाभान्वित होगा।

मा0 महापौर एवं नगर निगम अधिकारियों के साथ अपनी प्रथम बैठक में नगर आयुक्त ने अपनी प्राथमिकताओं की घोषणा की इसके अनुसार उनके द्वारा नगर को संवेदनशील, त्वारित, पारदर्शी, जबावदेह युक्त प्रशासन प्रदान किया जायेगा। उनके द्वारा जनता के हितो से जुड़े प्रश्नों पर त्वारित कार्यवाही करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही जनता से नगर को स्वच्छ, सुन्दर तथा उत्तरजीवी बनाने में नगर निगम के साथ सहयोग करने की अपील की गयी।

विशेष सचिव, नगर विकास अनुभाग–5, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–1757/नौ–5–17–02एन.जी.आर.बी.ए./2017 दिनांक 02.05.2017 के द्वारा "गंगा स्वच्छता संकल्प दिवस" दिनांक 02 मई, 2017 को सम्पन्न कार्यक्रमो की सूचना जो निदेशक/राज्य मिशन निदेशक (एस0बी0एम0), नगरीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 के कार्यालय पत्रांकः पी0एम0यू0/45/415(3)/2017 दिनांक 01.05.2017 के द्वारा नियत आयोजनो के सम्बन्ध में नगर निगम मुरादाबाद द्वारा दिनांक 02.05.2017 को प्रातः 07:30 बजे टाउनहाल स्थित नगर निगम सभागार में उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारियो को "गंगा स्वच्छता संकल्प दिवस" के उपलक्ष्य में संकल्पित कराया गया। तदोपरान्त प्रातः 08:00 बजे श्री काली माता जी मन्दिर के निकट रामगंगा नदी के तट पर गंगा स्वच्छता संकल्प दिवस का आयोजन में समस्त उपस्थितो द्वारा रामगंगा स्वच्छता संकल्प लेने के उपरान्त श्रमदान किया गया। जिसमें अधोहस्ताक्षरी के अतिरिक्त अपर नगर आयुक्त/मुख्य अभियन्ता, पर्यावरण अभियन्ता सहित अन्य कर्मचारीगण एवं मा0 पार्षद व स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

उपरोक्त के अतिरिक्त रामगंगा नदी को स्वच्छ एवं प्रदूषण मुक्त रखने के लिये समाज के विभिन्न वर्गो, डब्लू.डब्लू.एफ. संगठन के प्रतिनिधियों, विधार्थियो, सम्भ्रान्त/गणमान्य नागरिको के द्वारा नगर निगम अधिकारियो/कर्मचारियो की उपस्थिति में एक मानव श्रृंखला रामगंगा बिहार कालोनी में वाणिज्य कर कार्यालय से सी.एल.गुप्ता आई संस्थान तक बनाई गई एवं रामगंगा नदी को निर्मल और अविरल बनाने के लिये संकल्पित भी कराया गया।








मा0 मुख्यमंत्री जी एवं मा0 नगर विकास मंत्री जी द्वारा नगर विकास विभाग की समीक्षा बैठक में निर्देशित किया गया है कि माह के प्रथम शनिवार को निकाय कार्यालयों में सभी कार्मिक श्रमदान करें तथा नगरीय कार्यालय को साफ–सुथरा रखते हुए पत्रावलियों की रख–रखाव की समुचित व्यवस्था करें।

इस क्रम में दिनांक 24.04.17 को मा0 नगर विकास मंत्री द्वारा अपने पत्र के माध्यम से भी निर्देशित किया गया है कि आगामी प्रथम शनिवार (दिनांक 06 मई, 2017) को सभी कार्मिक सुबह 07.00 बजे से 09.00 बजे तक कार्यालयों की साफ–सफाई हेतु श्रमदान करें। इस क्रम में नगर निगम मुरादाबाद के समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को प्रथम शनिवार को सुबह 07.00 बजे उपस्थित होकर सर्वप्रथम अपने कार्यालय की साफ–सफाई करने हेतु निर्देशित किया गया।

दिनांक 06 मई, 2017 को नगर आयुक्त द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारियों/कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। तदपश समस्त अधिकारियो/कर्मचारियो द्वारा अपने कार्यालय से साफ–सफाई का कार्य किया गया।







## जलकल विभाग, द्वारा मई 2017 मे निम्नलिखित प्रमुख कार्य कराये गये :–

1. लीकेज सम्बन्धी 275 समस्या कन्ट्रोल रूम मे प्राप्त हुयी जिसमे से 215 समस्याओ का निस्तारण करा जा चुका है शेष पर कार्य प्रगति पर है।
2. हैण्ड पम्प की 83 शिकायते प्राप्त हुयी है जिसमे से 68 हैण्ड पम्प की शिकायतो का निस्तारण करा दिया गया है।
3. नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे 441 नग जल संयोजन नियमित/स्वीकृत किये गये।
4. नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे 03 नग नलकूपो पर विघुत/यांत्रिकी कार्य कराया गया।

5– नगर के विभिन्न क्षेत्रो मे 2500 मीटर पाईप लाईन डाली गयी।



इसके अतिरिक्त जलकल विभाग द्वारा कार्यालय मे प्राप्त शिकायतो का भी निस्तारण कराया गया। प्राप्त शिकायतो एवं उनके निस्तारण की स्थिति को निम्नलिखित तालिका मे अंकित आकडों के माध्यम से समझा जा सकता है :–

| शिकायत का विवरण | प्राप्त | निस्तारित | अनिस्तारित |
|---|---|---|---|
| हैण्ड पम्प से सम्बन्धित | 83 | 68 | 15 |
| पाईप लाईन से सम्बन्धित | 275 | 215 | 60 |

नगर के समस्त 70 वार्डो, राष्ट्रीय राज्यमार्गो जैसे रामपुर रोड, दिल्ली रोड एवं कांठ रोड तथा मलिन बस्तियों में माह नबम्बर 2015 (16 फरवरी 2017 से 15 मार्च 2017 तक) में निम्न प्रकाश बिन्दु मरम्मत किये गये। साथ ही नगर के जीर्ण–क्षीर्ण प्रकाश बिन्दुओं के स्थान एवं जिन पर 200 वॉट के बल्ब लगे है उन पोलो पर नये प्रकाश बिन्दु स्थापित कर प्रकाश व्यवस्था की गयी।

| प्रकाश बिन्दु का प्रकार | मरम्मत किये गये प्रकाश बिन्दु की संख्या |
|---|---|
| टयूब फिटिंग 40 वॉट | 810 |
| एनर्जी सेविंग सी0एफ0एल0 फिटिंग 65 वॉट | 470 |
| सोडियम फिटिंग 70 वॉट | 430 |
| सोडियम फिटिंग 150 वॉट | 415 |
| सोडियम फिटिंग 250 वॉट | 450 |
| एनर्जी सेविंग सी0एफ0एल0 फिटिंग 36 वॉट | 410 |
| एनर्जी सेविंग सी0एफ0एल0 फिटिंग 48 वॉट | 425 |
| हाईमास्ट टावर लाईट 400 वॉट | 130 |